प्रयोग संस्था के पुस्तकालय सह संसाधन केंद्र पहुंचे डीएम- डीईओ, प्रयासों की सराहना की

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में बच्चों के बीच पढ़ने की आदत विकसित करने और पुस्तकालयों को सीखने का प्रभावी माध्यम बनाने की दिशा में प्रयोग संस्था की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जिलाधिकारी समीर सौरभ ने सराहना की।शनिवार को उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पांडेय के साथ कुचायकोट प्रखंड के बनियाछापर गांव स्थित प्रयोग संस्था के पुस्तकालय सह संसाधन केंद्र का भ्रमण किया।इस दौरान अधिकारियों ने पुस्तकालय कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली को समझा और संस्था की ओर से विद्यालयों एवं समुदाय में किए जा रहे शैक्षणिक प्रयासों की जानकारी ली।भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पुस्तकालय में उपलब्ध बाल साहित्य की विभिन्न पुस्तकों का अवलोकन किया।उन्होंने लाइब्रेरी एजुकेटर और प्रबंधन टीम के सदस्यों से बातचीत कर बच्चों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाने के लिए अपनाए जा रहे तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।अधिकारियों को बताया गया कि कहानियों और रोचक पुस्तकों के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने के साथ उनकी कल्पनाशीलता,समझ और नई चीजें जानने की जिज्ञासा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रयोग संस्था वर्तमान में कुचायकोट प्रखंड के 80 सरकारी विद्यालयों में बच्चों और शिक्षकों के सहयोग से पुस्तकालयों को सशक्त बनाने का काम कर रही है। इसके अतिरिक्त संस्था मुजफ्फरपुर,समस्तीपुर,बेगूसराय और जमुई जिले में भी पुस्तकालय आधारित शैक्षणिक गतिविधियां संचालित कर रही है।संस्था का उद्देश्य पुस्तकालयों को केवल किताबें पढ़ने की जगह तक सीमित न रखकर बच्चों के सीखने और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बनाना है। जिलाधिकारी ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए पुस्तकालय कार्यक्रमों का विस्तार अन्य क्षेत्रों में भी करने का सुझाव दिया, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके।उन्होंने सरकारी विद्यालयों में संचालित पुस्तकालय सत्रों को भी देखने में रुचि दिखाई।इस अवसर पर प्रयोग संस्था के सह-संस्थापक सूर्य प्रकाश, प्रबंधन टीम के सदस्य करन कुणाल और विनीत रंजन सहित कई लाइब्रेरी एजुकेटर उपस्थित थे।संस्था के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को पुस्तकालयों के संचालन,बच्चों की सहभागिता और शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

आपसी विवाद में दो महिला समेत चार लोग घायल

कुचायकोट। गोपालपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में रविवार को आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।इसमें दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों में एक पक्ष के वाशिम साह और जमतारा खातून तथा दूसरे पक्ष के रुस्तम अली और मुस्कान खातून शामिल हैं।सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुचायकोट पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार,दोनों पक्षों के बीच पूर्व से ही विवाद चल रहा था। रविवार को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट के दौरान चारों लोग घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पहल कर झगड़े को शांत कराया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

दुर्घटना में पांच माह बाद प्राथमिकी

भोरे। थाने के भोरे-बंगरा बाज़ार सड़क पर खिरिया गांव के पास गत 12 मई 2026 को हुई सड़क दुर्घटना के मामले में पांच माह बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिक की ग्रामीण बैंक बंगरा बाजार के कर्मी मनोज कुमार राम ने भगत चफवा गांव के चारपहिया वाहन चालक अक्षय कुमार ठाकुर के खिलाफ कराई है। कहा है कि वह बैंक शाखा बंद कर साढ़े सात बजे शाम को अपने आवास भोरे लौट रहे थे।

अवैध पटाखा भंडारण में कारोबारियों पर प्राथमिकी

महाराजगंज (सिवान)। जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर में पटाखा विस्फोट की घटना में पांच लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में महाराजगंज के काजी बाजार और पुरानी मठ इलाके में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए गए। इस मामले में कारोबारियों के खिलाफ महाराजगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कार्रवाई के बाद पटाखा कारोबारियों में हड़कंप मचा है। जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा के निर्देश पर 24 अक्टूबर को अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान राजस्व अधिकारी राशिद हसन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने काजी बाजार में तलाशी के दौरान विभिन्न किस्मों के 10 कार्टून और पांच बोरा पटाखे बरामद किए गए। टीम ने सभी पटाखों को जब्त कर लिया। इसके बाद पुरानी मठ इलाके में स्थित एक अन्य गोदाम की तलाशी ली गई। यहां बोधा छपरा निवासी आत्मा साह के गोदाम से मिक्स पटाखों के 10 कार्टून बरामद हुए। जांच के दौरान कारोबारी पटाखों के भंडारण और बिक्री से संबंधित वैध अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं कर सके। आवेदन के आधार पर दर्ज हुई प्राथमिकी राजस्व अधिकारी के आवेदन के आधार पर पुलिस ने आत्मा साह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रशासन की ओर से पटाखों के अवैध भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आया, मौत

कटेया। कटेया थाना क्षेत्र के अमेया पंचायत अंतर्गत भगवानपुर गांव में शनिवार की शाम बिजली के करंट की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। मृतक की पहचान गांव के पारस यादव के पुत्र दीनदयाल यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम दीनदयाल यादव शीशम के एक पेड़ पर चढ़कर नेनुआ तोड़ रहा था। पेड़ के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार गुजर रहा था।इसी दौरान शीशम का पेड़ बिजली के तार के संपर्क में आ गया,जिससे युवक करंट की चपेट में आ गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।वहां मौजूद लोगों ने उसे पेड़ से नीचे उतारा,लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया। स्वजनों के अनुसार दीनदयाल दो भाइयों में बड़ा था।उसको एक पुत्र है और उसकी पत्नी गर्भवती है। युवक की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।पत्नी और अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

हसनपुरा के नये प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बने आदित्य प्रताप पांडेय

हसनपुरा(सीवान)।प्रखंड के नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य प्रताप पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीवान कार्यालय की ओर से 24 अक्टूबर 2026 को कार्यालय आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, हसनपुरा के तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंदन कुमार के स्थान पर आदित्य प्रताप पांडेय को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का प्रभार सौंपा गया है। आदित्य प्रताप पांडेय वर्तमान में हसनपुरा प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें 25 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पद का प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। जहां रविवार को उन्होंने सहुली स्थित बीआरसी भवन परिसर में योगदान देते हुए कार्यभार संभाला। उनके प्रभार संभालने से प्रखंड में शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी अब उनके पास होगी।

मनीष कुमार मौर्य ने संभाली जीरादेई बीईओ की कमान

सीवान। जीरादेई के नए प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार मौर्य ने रविवार को प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में योगदान किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह के आदेश पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी मौर्य ने वित्तीय अधिकारों के साथ जिम्मेदारी संभाली। वे जीरादेई के 14वें बीईओ बने हैं।योगदान के दौरान शिक्षकों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर, बुके देकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मनीष कुमार मौर्य ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, विभागीय निर्देशों का समय पर पालन सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देने की बात कही।इससे पहले प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मुरारी कुमार 12 अप्रैल 2025 से 25 अक्टूबर 2026 तक बीईओ के प्रभार में रहे। शिक्षकों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए विभागीय कार्यों के निष्पादन और आपसी समन्वय बनाए रखने में उनके योगदान को सराहनीय बताया। वहीं, मुरारी कुमार ने शिक्षकों और बीआरसी कर्मियों के सहयोग के प्रति आभार जताया।मौके पर प्रधानाध्यापक राधामोहन तिवारी, नंदकिशोर यादव, मनोज कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, राजकिशोर ठाकुर, प्रेमचंद राम, विपिन राम, राजीव कुमार, आनंद पाण्डेय और बीआरसी कर्मी मुकुल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

25 लाख की विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

सीवान। जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कारों से 442.380 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा मोड़ और जीरादेई थाना क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान दो कारों की तलाशी लेने पर उनमें छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। टीम ने शराब के साथ दोनों कारों को भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में एक हरियाणा का, जबकि दो वैशाली जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उत्पाद विभाग की टीम तीनों से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों को शराब की खेप के स्रोत और इसकी आपूर्ति से जुड़े नेटवर्क के संबंध में अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है।उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा है। हालांकि, शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

भूमि विवाद में चार को मारपीटकर जेवर छीने

भोरे।भोरे थाने के लक्ष्मीपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो महिलाओं सहित चार लोगों को मारपीट कर घायल करते हुए महिलाओं के जेवर छीन लिए गए। मामले को लेकर उसी गांव के सुरेंद्र कुमार सिंह तथा अंकित कुमार सहित आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कहा गया है कि रविंद्र भगत अपनी मां,अमर कुमार तथा चिंता देवी के साथ खेत में काम कर रहे थे तभी आरोपियों ने आकर घटना को अंजाम दिया।

प्रतिबंध के बावजूद दुर्गापूजा विसर्जन मेले में डीजे और आर्केस्ट्रा, 13 नामजद समेत 30-40 अज्ञात पर प्राथमिकी

मैरवा (सीवान)। मैरवा थाना क्षेत्र के करछुई बाजार में दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन मेले के दौरान प्रतिबंध के बावजूद डीजे और आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित करने के मामले में पुलिस ने 13 नामजद सहित 30-40 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपितों में मेला के लाइसेंसधारी, डीजे संचालक और अन्य सहयोगी शामिल हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर को अंचलाधिकारी मैरवा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 मैरवा और पुलिस निरीक्षक मैरवा प्रभाग की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई थी। इसमें थाना क्षेत्र के सभी लाइसेंसधारियों और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि दुर्गा पूजा मेले के दौरान डीजे और आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। साथ ही मेला शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की गई थी। इसके बावजूद 24 अक्टूबर को करछुई बाजार में आयोजित विसर्जन मेले के दौरान डीजे पर तेज आवाज में अश्लील गाने बजाने और आर्केस्ट्रा में नर्तकियों का कार्यक्रम आयोजित करने का मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक, इससे विधि-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई।मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी ने संबंधित लाइसेंसधारियों को डीजे और आर्केस्ट्रा कार्यक्रम तत्काल बंद करने का निर्देश दिया, लेकिन आरोप है कि निर्देश का पालन नहीं किया गया। इसके बाद प्रतिबंधित आदेशों की अवहेलना और जुलूस के लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। सीवान पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों के दौरान निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार काररवाई की जाएगी।

सीवान पुलिस का विशेष अभियान, 27 अभियुक्त गिरफ्तार

सीवान। जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीवान पुलिस ने पिछले 24 घंटे में विशेष अभियान चलाकर 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 13 वारंट और दो कुर्की आदेशों का निष्पादन किया गया। पुलिस ने 417.7 लीटर अवैध शराब और दो दोपहिया वाहन भी बरामद किए हैं।पुलिस से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में शराब से जुड़े मामलों में 14, हत्या के प्रयास के मामले में चार, पॉक्सो अधिनियम के तहत दो तथा चोरी के मामलों में चार आरोपित शामिल हैं। इसके अलावा अन्य मामलों में तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है।विशेष अभियान के दौरान वारंटियों की गिरफ्तारी और न्यायालय के आदेशों के अनुपालन पर भी जोर दिया गया। पुलिस ने 13 वारंट के साथ दो कुर्की आदेशों का निष्पादन किया। वहीं, विभिन्न मामलों में 12 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया।

जमीन जोतने के लिए मांगी ढाई लाख की रंगदारी

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत अपनी ही जमीन जोतने देने के लिए थाने के हुस्सेपुर टोला भगवानपुर के रामनरेश भर से ढाई लाख रुपए नगद या 10 डिसमिल जमीन रंगदारी के रूप में मांग की गई है। मामले को लेकर उन्होंने अपने ही गांव के राम उपदेश भर,किशोरी भर तथा सुरेश भर सहित 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा है कि करीब 2 वर्ष से आरोपी जमीन नहीं जोतने दे रहे हैं।

विवाद में दो महिलाओं सहित तीन को पीटा

भोरे। भोरे थाने के लक्ष्मीपुर खलवा टोला में भूमि विवाद को लेकर दो महिलाओं सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। मामले को लेकर गांव के रामायण भगत की पत्नी मुखिया देवी ने अपने ही गांव के अमर सिंह,रविंद्र सिंह तथा पिंकी देवी सहित सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कहा गया है कि जमीन में हिस्सा के लिए पंचायती हो रही थी तभी आरोपी हरवे-हथियार से लैस होकर आए और मुखिया देवी के साथ ही उनके पुत्र तथा बहु को मारपीट कर घायल कर दिए।

पातालगंगा देव में मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड में ले जाने के खिलाफ आक्रोश

देव (औरंगाबाद)। भगवान सूर्य की पावन नगरी और संतों की तपोभूमि पातालगंगा देव में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड में तब्दील किए जाने के विरोध में देव के बगीचा रिसोर्ट में स्थानीय लोगों और राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। %राष्ट्रीय किसान मजदूर विकास मंच% के बैनर तले आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में वक्ताओं ने सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इसे जनता के साथ बड़ा छल करार दिया है। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि मेडिकल कॉलेज को सरकारी के बजाय निजी हाथों (पीपीपी मोड) में सौंपा गया, तो सड़क से लेकर संसद तक उग्र आंदोलन किया जाएगा और आगामी चुनावों में ऐसे जनप्रतिनिधियों का तख्तापलट कर दिया जाएगा।

वक्ताओं ने याद दिलाया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान पातालगंगा में सरकारी मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा की थी और इसके लिए फंड भी अलॉट किया गया था। लेकिन मुख्यमंत्री बदलने के बाद इसे चुपके से पीपीपी मोड में भेजने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिसे देववासी कतई बर्दास्त नहीं करेंगे। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्राइवेट या पीपीपी मोड में इलाज और शिक्षा बेहद महंगी हो जाती है। यहाँ तक कि मृत शरीर (डेड बॉडी) को छुड़ाने के लिए भी पैसे चुकाने पड़ते हैं। पातालगंगा और आसपास का इलाका ग्रामीण व पिछड़ा क्षेत्र है, जहाँ के गरीब लोग महंगे निजी इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। मठ की जमीन हमारे पूर्वजों के द्वारा हीं दान में दिया गया है =* बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि पातालगंगा की यह जमीन पूर्वजों और संतों की तपोभूमि से जुड़ी है। मठ की जमीन का उपयोग जनहित और सरकारी संस्थान के लिए होना चाहिए, न कि पूंजीपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए। यह क्षेत्र स्टेट हाईवे 101 पर झारखंड के करीब स्थित है, जिससे पड़ोसी राज्य के लोगों और देव आने वाले लाखों देश-विदेश के श्रद्धालुओं व पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलता। सरकारी कॉलेज बनने से गरीब बच्चों को कम खर्च पर पढ़ाई और जनता को सस्ता इलाज मिल सकेगा।

बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि जनता ही सरकार की असली मालिक है। यदि जनप्रतिनिधियों ने जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया, तो देव की पावन धरती पर उनका विरोध किया जाएगा और उन्हें घुसने तक नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रीय किसान मजदूर विकास मंच ने सभी राजनीतिक दलों और स्थानीय नेतृत्व से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनहित में एकजुट होने की अपील की है।

आंदोलन की अगली रणनीति के तहत स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपने और चरणबद्ध तरीके से जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस विरोध सभा को सफल बनाने और जनता को जागरूक करने में बेढ़नी मुखिया मनोज सिंह, रत्नाकर सिंह, भूपेश यादव, राजदेव भगत, रविन्द्र सिंह, राजेंद्र गुप्ता, रामचंद्र चौरसिया, अरोरा पैक्स अध्यक्ष राजेश यादव, गुड्डू चंद्रवंशी, विजय सिंह, नंदकिशोर मेहता, शिवपुजन सिंह, संतोष यादव, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, रमाकांत सिंह, विजय पासवान, बंसीधर चौरसिया, धरमदेव यादव, संजय मेहता, रामबिलास राम, प्रमोद कुमार, इकबाल अहमद, नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, सूर्यदेव यादव, दीपक गुप्ता, उपेंद्र यादव और बिरजा यादव समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में सरकारी आदेश की अवहेलना 18 नामजद सहित 50 अज्ञात पर प्राथमिकी

हसनपुरा (सीवान)। एमएच नगर थाना क्षेत्र के टड़िला गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सरकारी आदेश की अवहेलना कर डीजे बजाने और अश्लील गाने बजवाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में 18 नामजद सहित 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच की जिम्मेदारी पुअनि मधुरिमा मनीषा को सौंपी है।

प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 को करीब 14~10 बजे टड़िला गांव में दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाए जाने की सूचना मिली। इसके बाद करीब 14~35 बजे पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां दुर्गा पूजा स्थल के पास पूजा समिति और ग्रामीणों की ओर से डीजे बजाया जा रहा था।

आरोप है कि इस दौरान अश्लील गाने भी बजाए जा रहे थे। प्राथमिकी में कहा गया है कि पूजा समिति के सदस्यों को सरकारी आदेश का उल्लंघन नहीं करने और डीजे नहीं बजाने की हिदायत दी गई थी।

इसके बावजूद आदेश की अनदेखी कर डीजे बजाया गया। इसे लेकर पुलिस ने संबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की अनुशंसा की। इनमें पूजा समिति के सदस्य और अन्य ग्रामीण शामिल हैं। पुलिस ने मामले में एमएच नगर थाना कांड संख्या 398/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा लाउडस्पीकर के उपयोग एवं संचालन से संबंधित कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, सरकारी आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अलमापुर कांड के बाद पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ काररवाई, 8 कार्टन पटाखे जब्त

बड़हरिया (सीवान)। बड़हरिया के अलमापुर में पटाखा , बारूद में विस्फोट से हुई बड़ी घटना के बाद पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है अवैध ढंग से पटाखा स्टॉक कर रखने वाले दुकानदारों, एवं बिक्री करने वालों पर पुलिस की तफ्तीश तेज हो गई है मिली जानकारी अनुसार रविवार को थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बड़हरिया बाजार स्थित दो दुकानों में छापामारी की है इन दुकानों के लाइसेंस मांगे गए, पर किसी भी दुकानदार के पास अनुज्ञप्ति नहीं होने के कारण 8 कार्टून पटाखे जब्त किए गए हैं थानाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रखेगी, किसी हाल में अवैध पटाखा की दुकानें नहीं चलने दी जाएंगी, कार्रवाई से बाजार में पटाखा कारोबारियों के बीच हड़कंप है।

लग्जरी कार से 216 लीटर बीयर व शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

कुचायकोट। कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार से 216 लीटर देशी व विदेशी शराब बरामद की।शनिवार की शाम हुई इस कार्रवाई में टीम ने कार चालक को गिरफ्तार करने के साथ वाहन को भी जब्त कर लिया।

गिरफ्तार तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के सेवरही थाना क्षेत्र के पिपरा मुस्तकीम अगरवा गांव निवासी हीरामन यादव के रूप में हुई है। उत्पाद निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि बलथरी चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम नियमित रूप से वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही एक संदिग्ध लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 216 लीटर देशी व विदेशी शराब बरामद हुई। इसके बाद टीम ने शराब और कार को जब्त करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वही उत्पाद पुलिस ने तस्कर से पूछताछ के बाद उत्पाद अधिनियम की तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़...

प्रदेश के सभी खाद्य कारोबारियों से अपील है कि वे स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, गुणवत्तापूर्ण सामग्री और वैध लाइसेंस से संबंधित सभी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनुचित लाभ के प्रयास में किसी प्रकार की अनियमितता या मिलावट में संलिप्त न हों।

साथ ही, आम नागरिकों से भी अपील है कि खाद्य पदार्थों की खरीदारी करते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट अवश्य जांच लें। जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

नीतीश से मेरी कोई दूरी...

छोड़ने की बात कही. हालांकि उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि, वो अपनी पार्टी बना लेंगे. अनंत सिंह ने कहा कि कुछ अगर पार्टी नहीं है, भविष्य देख रहे हैं. जदयू खत्म है, निकाल ले. इलेक्शन होगा, पता लग जाएगा. प्रधानमंत्री पद, मंत्री पद बैठा ले, पता लग जाएगा. इलेक्शन में 10 सीट भी नहीं आएगा. उन्होंने कहा कि, नीतीश जी से कोई दूरी नहीं है, कोई लड़ाई नहीं है. बीमार रहते हैं. कभी जाकर भेंट करेंगे. कोई दिक्कत नहीं है.

वाराणसी में 'विंग्स ओवर...

नमो घाट तक पहुंचे। वाराणसी में गंगा के तट पर भारतीय वायु सेना की ताकत, आधुनिक तकनीक और युद्धक तैयारियों का शानदार प्रदर्शन हुआ। नमो घाट पर आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के समापन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वायु सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष हवाई प्रदर्शन में देश की हवाई शक्ति से लेकर भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तैयारियों तक की झलक देखने को मिली।

भारतीय वायु सेना ने इस एयर शो के जरिए केवल पारंपरिक फ्लाईपास्ट नहीं, बल्कि वास्तविक युद्ध परिस्थितियों से प्रेरित अभ्यासों और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। आज के इस अंतिम कार्यक्रम में लड़ाकू विमानों की विशेष फॉर्मेशन, हवाई युद्ध का सिमुलेशन, अत्याधुनिक सेंसर तकनीक और एरोबैटिक टीमों के करतब प्रमुख आकर्षण रहे।

इस बड़े हवाई प्रदर्शन के लिए देश के 12 एयरबेस से करीब 100 विमानों की भागीदारी निर्धारित की गई। इनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल हैं। इस अभियान में भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच सटीक तालमेल भी देखने को मिला। इस प्रदर्शन का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की संयुक्त क्षमता, आधुनिक युद्ध प्रणालियों और विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय को प्रदर्शित करना है।

आज के एयर शो का सबसे बड़ा आकर्षण छह अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों की एरोहेड फॉर्मेशन रहा। इसमें सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, जगुआर, मिराज-2000, एलसीए तेजस और मिग-29 ने एक साथ उड़ान भरी। एक ही फॉर्मेशन में भारतीय वायु सेना के इन छह अलग-अलग लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन ने उनकी क्षमताओं, पायलटों के कौशल और सटीक तालमेल की झलक पेश की। इस प्रदर्शन में विमानों की गति, फॉर्मेशन बनाए रखने की क्षमता और मिशन के दौरान आपसी समन्वय पर खास ध्यान रखा गया। वास्तविक हथियारों के साथ उड़ान भरने वाले विमान भी शामिल रहे।

रविवार को प्रदर्शन में दर्शकों को हवाई युद्ध की रणनीति का सिमुलेशन भी देखने को मिला। दो जगुआर विमानों ने मालवीय पुल के ऊपर तेज गति से हमले का अभ्यास किया, जबकि एक सुखोई-30 एमकेआई ने उन्हें रोकने के लिए इंटरसेप्शन का अभ्यास किया। इस अभ्यास के जरिए यह दिखाया गया कि हवाई युद्ध के दौरान लड़ाकू विमान किस तरह संभावित खतरे का जवाब देते हैं और किस तरह अलग-अलग विमानों के बीच तालमेल के जरिए मिशन को अंजाम दिया जाता है।

एयर शो में सुखोई-30 एमकेआई का तेज गति वाला वर्टिकल मैन्यूवर भी खास आकर्षण रहा। एक सुखोई ने दर्शक दीर्घा के सामने यह करतब दिखाया, जबकि दूसरा सुखोई-30 एमकेआई ने लगभग 8,000 फीट की ऊंचाई से इन्फ्रारेड इमेजिंग पॉड की मदद से पूरे प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया।यह प्रदर्शन लड़ाकू विमानों की उड़ान क्षमता के साथ-साथ आधुनिक सेंसर और इमेजिंग तकनीक की भूमिका को भी सामने लेकर आया।

इस आयोजन में भारतीय नौसेना का समुद्री निगरानी विमान ने भी अहम भूमिका निभाई। इस विमान ने चेन्नई के पास अरक्कोनम से उड़ान भरकर ग्वालियर के ऊपर मिराज-2000 लड़ाकू विमानों के साथ तालमेल किया और फिर वाराणसी में एयर शो का हिस्सा बना। इस गतिविधि से अलग-अलग सैन्य प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय और तीनों सेनाओं की संयुक्त परिचालन क्षमता को प्रदर्शित किया गया। रविवार को भव्य एयर शो का समापन भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के शानदार हवाई करतबों के साथ हुआ। सूर्य किरण टीम ने अपने सटीक फॉर्मेशन और एरोबैटिक प्रदर्शन से आसमान में रोमांच पैदा किया, जबकि सारंग टीम के हेलीकॉप्टर ने अपनी उड़ान क्षमता और समन्वय का प्रदर्शन किया।

नियुक्ति का इंतजार कर रहे...

डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में शुरू हुई थी. अप्रैल 2025 में परीक्षा परिणाम जारी किया गया और मई-जून 2025 में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई. इसके बावजूद चयनित 5000 अभ्यर्थियों के पैनल में शामिल सभी लोगों की नियुक्ति अब तक नहीं हो सकी है.

अभ्यर्थियों ने नीतीश कुमार से आग्रह किया कि शेष अभ्यर्थियों को अविलंब नियुक्ति पत्र दिलाने की दिशा में पहल की जाए. उन्होंने यह भी मांग की कि सभी नवनियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) की ओर से एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाए.

नीतीश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना. उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से आग्रह कर अभ्यर्थियों की मांगों पर जल्द उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे. उनके इस आश्वासन के बाद अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में आगे की कार्रवाई की उम्मीद है.

पटना में खरगे का पीएम...

बनी हैं, उन्हें हटाने की मांग की. खड़गे ने इन सरकारों को %चोरी से बनी सरकारें% बताया. उनका आरोप था कि पश्चिम बंगाल, हरियाणा, बिहार और महाराष्ट्र में वोट चोरी के जरिए सरकारें बनाई गई हैं.

खडग़े ने सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग उठाई. उन्होंने स्क्क्रयानी मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को तुरंत रोकने की बात कही. बिहार के लोगों से इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए इसे आजादी की दूसरी लड़ाई बताया. साथ ही, बीजेपी और आरएसएस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया.

यह कार्यक्रम बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया था. खड़गे ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए आधुनिक बिहार के निर्माण में उनके योगदान को याद किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण सिंह ने लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए काम किया था. जमींदारी प्रथा खत्म करने में भी उनकी अहम भूमिका रही. इसके अलावा, कृषि, उद्योग, शिक्षा और सिंचाई के विकास के लिए संस्थाएं बनाने में उनके योगदान का भी जिक्र किया गया.

खडग़े ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीति पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार समाजवादी आंदोलन की सोच से निकले नेता रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वह बीजेपी और आरएसएस के साथ चले गए. कांग्रेस के बलिदानों का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा कि इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक ने देश के लिए कुर्बानी दी. राहुल गांधी के संघर्ष का भी उल्लेख किया.

अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों के...

किए गए, 17.82 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, और 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि अमित शाह ने पहले नशीले पदार्थों को भारत की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया था और कहा था कि अगर इसे नहीं रोका गया, तो यह देश की तरक्की को बर्बाद कर सकता है। उन्होंने घोषणा की थी कि केंद्र सरकार दिसंबर 2029 तक देश को नशा मुक्त बना देगी। 21 अक्टूबर को नई दिल्ली में %नेशनल पुलिस मेमोरियल% से दिए गए अपने संदेश में, उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की थी कि वे भारत को नशा मुक्त बनाने और इस खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हों।

उन्होंने कहा था कि पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने भारत के विकास में अहम भूमिका निभाई है, जिसमें नक्सलियों से निपटना और नशीले पदार्थों के खिलाफ देश की लड़ाई शामिल है। शाह ने कहा, ये अमर नायक अपने इस संकल्प पर अडिग रहे कि देश की जमीन का एक इंच भी हिस्सा विदेशी हाथों में नहीं जाना चाहिए, और उन्होंने अपना कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। तब से, हर साल 21 अक्टूबर को %पुलिस स्मृति दिवस% के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा, कोई सोच भी नहीं सकता कि अगर इन जवानों ने देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान न दिया होता, तो आज हम कहाँ खड़े होते।

'वोकल फॉर लोकल' से...

हम रहते हैं। हमारी छोटी-छोटी कोशिशें ही हमारे आसपास बड़े बदलाव ला सकती हैं। मन की बात के 139वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में लोगों ने मिलकर %हेवल% नदी में नई जान फूंकने की कोशिश की है। कुछ समय पहले, हेवल नदी का जलस्तर घटने लगा था और आस-पास के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख रहे थे। इसके जवाब में स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने मिलकर नदी को बचाने के लिए एक अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत, बारिश के पानी को संचित करने, भूजल स्तर को फिर से बढ़ाने (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) और बड़ी संख्या में पेड़ लगाने के उपाय किए गए। आज, इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, हेवल नदी फिर से जीवित हो उठी है और दर्जनों प्राकृतिक जल स्रोत भी बहाल हो गए हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल के तहत यहां बिना केमिकल का इस्तेमाल किए ऑर्गेनिक कपास उगाई जाती है।

यहां प्राकृतिक रंगों वाली कपास भी उगाई जाती है, इससे तैयार धागे और कपड़े को रंगने के लिए अलग से केमिकल इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती। आप कल्पना कर सकते हैं, इससे पर्यावरण की कितनी बड़ी मदद हो रही है।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : **शार्दूल विक्रम गुप्त**
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२३
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : patnaaj@gmail.com
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या : R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।